दिनांक 24.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने छठ पर्व पर तालाबों की साफ–सफाई , प्रकाश व्यवस्था एवं गोताखोरों की व्यवस्था करने हेतु निगम के सभी जोन आयुक्त को आदेश प्रसारित किया है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी तालाबों में छठ पर्व का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा, इस हेतु वार्ड में स्थित तालाबों की साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ–साथ जिन–जिन तालाबों में नागरिकों द्वारा छठ पर्व के दिन सायंकाल एवं प्रातःकाल अर्ध्य देते हैं वहॅा पर सुरक्षा की दुष्टिकोण से गोताखोर एवं आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके।

निगम आयुक्त ने जोन के आयुक्तों के साथ–साथ सीधे स्वच्छता कार्यों से जुड़े स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि पुजा किये जाने वाले तालाबों पर पुजा के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी, तथा की जा रही व्यवस्था के संबंध में सीधी जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं।

निगम आयुक्त ने आज स्वयं विभिन्न तालाबों का भ्रमण कर की जा रही तैयारी से अवगत हुए तथा आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को दिये।

(सुभाष सिंह ठाकुर)
जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई